AE-2026-HIN

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना, बिहार

वार्षिक मूल्यांकन– 2026

प्रश्न–पत्र

कक्षा–VI | विषय– हिन्दी

समय– 2 घंटे | पूर्णांक–50

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5×2 =10

[प्रलोभनों, सरपट, धनपत राय, नाव, प्रकृति]

(i) जगदीशचन्द्र वसु का बचपन .... का अवलोकन करते बीता।
(ii) भारतीयों ने अत्याचार तो सहे, लेकिन .... को ठुकरा दिया।
(iii) निर्भीक गया वह ढालों में, ... दौड़ा करनालों में।
(iv) प्रेमचन्द का वास्तविक नाम .... था।
(v) बहाते चलो .... तुम वह निरंतर।

2. स्तम्भ 'अ' से स्तम्भ 'ब' का सही–सही मिलान कीजिए। 5 × 2 = 10

स्तम्भ 'अ'	स्तम्भ 'ब'
(i) दयालु का विलोम शब्द	(a) संगम
(ii) एक अनार सौ बीमार मुहावरे का अर्थ	(b) बौद्ध धर्म के प्रवर्तक
(iii) त्रिवेणी	(c) एक ऐसी चीज जिसको चाहने वाले अनेक हों
(iv) गौतम बुद्ध	(d) एक नृत्यांगना
(v) जया मेहता	(e) निर्दयी

3. दिये गए कथनों में सही के सामने (✓) एवं गलत के सामने (✕) का निशान लगाइए।

5 × 2 = 10

(i) नैरोबी का नेशनल पार्क चिड़ियाघर नहीं है। ☐
(ii) चेतक बादल की तरह शत्रु की सेना पर वज्रपात बनकर टूट पड़ता था। ☐
(iii) राजा साहब अपने अनुभवी दीवान का अनादर करते थे। ☐
(iv) एंजेला की माँ एलेसेंड्रा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता थी। ☐
(v) 'निज जीवन की एक छटा' आत्मकथा के लेखक भगत सिंह हैं। ☐

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $2 \times 5=10$

(i) दीवान साहब द्वारा नौकरी छोड़ने के निश्चय का क्या कारण था ?
(ii) बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से कौन–सा वचन लिया ?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $1\times10 = 10$

(i) ''मारिशस की असली ताकत भारतीय लोग ही हैं।'' कैसे ?

अथवा

बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है ?